मान्यवर, मैं इस बात को छोड़ता हूं और आपकी बात को मानता हूं अन्यथा मैं अपनी बात नहीं कह पाऊंगा। मान्यवर, कहने का मतलब यह है कि हिन्दुस्तान का जो किसान है वह मजबूर है। जो समाज का बहुसंख्यक हिस्सा है उसके विकास पर। उसके खेतों के विकास पर पैसा बहुत कम खर्च हुआ है। हिन्दुस्तान से जब अंग्रेज गये थे तो 11 फीसदी सिंचित जमीन छोड़ गये थे। बड़ी मुश्किल से हमने 8 फीसदी और जमीन को सिंचित किया, यानी कुल 19 फीसदी सिंचित जमीन है। खेती को मदद

पहुंचाने की जो सबसे बडी चीज है वह है पानी । जमीन पर सबसे ज्यादा जो कमाल है वह पानी का कमाल है । हमने पानी से किसान की मदद नहीं की । हमने उसको बाढ और सुखाड़ से नहीं बचाया और वह बड़ी मुश्किल से काम करके अनाज, गेहूं, गन्ना, धान पैदा करने का काम करता है । उसको पैदा करने के बाद वह मंडी में लुटता है और वर्ष भर में जो वह खेतों में लगता है उन सब चीजों के दाम, कई चीजों के दाम तो मान्यवर, बीस गुना, पच्चीस गुना और चालीस गुना तक बढ़ गये हैं । कारखानों के मुंह ने जिस चीज को छुआ वह आसमान पर चली जाती है । इन कारखानों के मुंह पर आज बिरला साहब, टाटा साहब बैठे हुए हैं । हिन्दुस्तान जैसा क्रूर देश शायद धरती पर कहीं नहीं होगा । बिरला की निजी संपत्ति और 11 करोड़ देश के कंगालों की सम्पत्ति बराबर है । इस धरती से क्रूर देश कोई नहीं है जो इस व्यवस्था को पकड़ नहीं पाता इसका मुझे अफसोस है । तो मैं मान्यवर, यह कहना चाहता हूं कि जितनी चीजें किसान अपने खेतों में अनाज को उपजाने के लिये प्रयुक्त करता है, फर्टिलाइजर, डीजल आदि इन चीजों के दाम कई गुना बढ गये हैं लेकिन क्या उस हिसाब से फसल के दाम बढे हैं ? पैट्रोल पर कितना बढा ? जो अनाज है, 1971 में सबसे ज्यादा पैदा होने वाली चीज ग्रेन, पैडी इन दोनों चीजों के दामों में दुगुना भर का अंतर हुआ लेकिन बाकी चीजों से दाम बीस गुना से लेकर चालीस गुना तक बढ गये । पहले 76 रुपये था अब 156 रुपये हुआ, केवल 67 रुपये बढा है । मान्यवर, मेरे कहने का मतलब यह है कि हिंदुस्तान में खेतों में लगने वाली जितनी चीजें हैं उनके दाम बढे है और साथ ही किसान को जिन चीजों की जरुरत है वह शादी करे, विवाह करे, कपडा खरीदे तो इन तमाम चीजों के दाम ऊंचे हैं, तमाम कारखाने से निकली हुई चीजों के दाम बहुत ज्यादा बढ़ गये हैं लेकिन खेतों में पैदा होने वाली चीजों के दाम उस अनुपात से नहीं बढे हैं । इसलिये अगर इन दोनों चीजों में संतुलन करने का काम आप नहीं करेंगे तो हिन्दुस्तान में काम बनने वाला नहीं है ।इसलिये

7.00 P.M.

नहीं बनने वाला है कि आज देश में जो बहुसंख्यक समाज है, लोग कह रहे थे कि इस देश के जो उपभोक्ता हैं उनके हित में काम हो रहा है । मान्यवर, मैं यह कहना चाहता हूं कि सब से बड़ा उपभोक्ता भी गांव में रहता है । यह जो उपभोक्ता आप कह रहे है वह नकली उपभोक्ता है । इसको नेशनल केपिटल आप बनाना चाहते हो, शहरीकरण करना चाहते हो, कम्प्यूटराइजेशन करना चाहते हो, माडर्नाइजेशन करना चाहते हो मैं आपसे यह निवेदन करना चाहता हूं कि हिन्दुस्तान का सब से बडा उपभोक्ता गांव में बसता है । इन चीजों की खपत गांवों में होती है तभी हिन्दुस्तान के कारखाने तथा उद्योग धन्धे चलते हैं । सारा इंडस्ट्रीयलाइजेशन गांव की हड्डिया पर है, हिन्दुस्तान के किसान की हड्डियों जर्जर हो गई हैं । वह आपका बोझ नहीं उठा पा रहा है । मैं आपसे यह कहना चाहता हूं कि हिन्दुस्तान में जो पहली गद्दी पर बैठता है पहली कुर्सी पर बैठता है वह हिन्दुस्तान को समझने का काम ही नहीं करता है और न समझने का काम करने वाला है क्योंकि उसका जन्म और कर्म तथा संस्कार हिन्दुस्तान की धरती को समझने वाले नहीं हैं। जो लोग मुझे अभी टोक रहे थे यानी हिन्दुस्तान में प्रधानमंत्री कहां से टपकता है, उस टपकने के कारण हिन्दुस्तान की बुनियादी बातें ठीक नहीं होती हैं । हिन्दुस्तान में आप जो किसान के बारें में प्राइस तय करने वाले हैं उसके बारे में मैं आपको दो तीन सुझाव देना चाहता हूं । मेरा नम्बर एक सुझाव यह है कि हिन्दुस्तान में जो सरकारी फार्म हैं आपके पंतनगर में चन्द्रशेखर यूनीवर्सिटी में, कानपुर में उनकी यूनीवर्सिटी में गन्ने पर पैदावार की कितनी लागत है, व्हीट पर कितना लगता है, पेडडी में कितना लगता है आप इस बार जो प्राइस तय करें मेरा यह कहना है कि इस चीज को अवश्य ध्यान में रखने का काम करें । आप विदेशों से अनाज मंगाते हैं । दुनिया

[श्री शरद यादव]

का सब से जरखेज इलाका हमारा देश हैं। सब से ज्यादा मौसम इस देश में है और आप अनाज दुनिया से बाहर से मंगा रहे हैं दो सौ, सवा दो सौ रुपये प्रति क्विंटल की दर से मंगा रहे हैं हिन्दुस्तान के चंद शहर वालों को खुश करने के लिये, कीमत को कंट्रोल करने के लिये, बराबर बनाये रखने के लिये आप विदेशों से अनाज मंगा कर यहां के लोगों को खिलाते हैं और किसानों के पेट पर लात मारते हैं उनको ठीक कीमत नहीं देना चाहते हैं। ऊपर से आप निर्देश किसानों को देने को तैयार हैं। इसलिये पंत नगर में जो हिन्दुस्तान में आपका उत्पादन करने का सरकारी क्षेत्र है, फार्म है, सरकारी क्षेत्र के जो फार्म हैं उनमें जो उत्पादन की लागत आती है वह कीमत आप इस बार किसान को देने का काम करें हिन्दुस्तान के किसान के अनाज के भंडारण की तथा मण्डियों की आप ठीक व्यवस्था करें। जो प्राइस आप घोषित करते हैं वह भी हिन्दुस्तान के किसान को नहीं मिलता है। जूट के किसान को नहीं मिलता गन्ने के किसान को नहीं मिलता है पेड्डी के किसानों को नहीं मिलता है। पिछली बार पेड्डी पैदा करने वाला किसान लुट गया। जो आपने कीमत घोषित की वह उसको नहीं मिली। सब जगह हड़तालें हुईं धरने दिये गये मैं भी दो जगह गिरफ्तार हुआ। जो कीमत आप घोषित करें वह तो कम से कम आप उसे दें। इस तरह से आप हिन्दुस्तान को बरबादी के कगार पर ले जा रहे हैं लेकिन बरबादी के करते करते मानव जो होता है इन्सान होता है जो कुछ काम करे उसको दुरुस्त करने का काम करे और भंडारण की व्यवस्था को बढ़ाये। अब मैं देश की मंडियों के बारे में यह कहना चाहता हूं कि यहां दिल्ली में जो सब्जी मंडी है उस सब्जी मंडी में लूट मची हुई है, अनाज मंडी है उस में भी लूट मची हुई है। मेरा कहना है कि और चीजों के साथ-साथ किसान की सब्जियों की भी लूट मची हुई है, उस पर भी आपको ध्यान देना चाहिये। इन शब्दों के साथ मैं अपनी बात समाप्त करता हूं।

श्री जगदम्बी प्रसाद यादव (बिहार) : उपसभाध्यक्ष महोदय माननीय, सदस्यों ने तथ्यों के साथ सभी बातों को रखा है मैं उन बातों को दोहराना नहीं चाहता हूं। इसलिये थोडी सी बात करना चाहता हूं। पहले बात तो यह है कि हमारी जो पंचवर्षीय योजनायें हैं उन में किसानों का इनवाल्वमेंट नहीं है। जब तक किसानों को इनवाल्वमेंट पंचवर्षीय योजना में नहीं होता है तब तक किसानों को पूंजी जो साधन वहां से मिलना चाहिये वह नहीं मिलेगा। दूसरी बात सब से बड़ी बात है इन योजनाओं को बनाने के बाद योजना का लाभ किसानों को, देहात के लोगों को नहीं मिला। उसका सब से पहला कारण है कि उस का चौथा खम्भा जो जनता है जनता का सब से बड़ा भाग जो किसान है उसका इनवाल्वमेंट नहीं है। और इन्वाल्वमेंट इसलिये नहीं है कि जो योजना बनाने वाले योजना कार हैं उनका दिल और दिमाग पाश्चात्य है जब तक उनके दिल और दिमाग का भारतीयकरण नहीं होगा तथा भारतीयकरण में ग्रामीणीकरण नहीं होगा तब तक वे इस दृष्टि से योजना का निर्माण नहीं कर सकते हैं। हमारे बहुत से सदस्यों ने हमेशा जनता पार्टी की बात उठायी है। मैं यहां पर एक बात कहना चाहता हूं कि जनता पार्टी ने 77–78 और 78–97 में बजट में लगभग 40 परसेंट से ऊपर हिस्सा किसानों को दिया अब वह हिस्सा घटते घटते 25 प्रतिशत पर चला आया है। मैं इसका इस तरह से समीकरण करना चाहता हूं कि राष्ट्रीय आय किसानों की 50 प्रतिशत से ऊपर थी जिस प्रकार हम पूंजी कम देते गये बजट में हिस्सा कम होता गया उसी तरह से उनकी राष्ट्रीय आय घटती चली गयी। आज 36 पर आई है उसकी राष्ट्रीय आय लेकिन कुछ समय बाद जो 25 प्रतिशत आप किसान को देते हैं तो 25 प्रतिशत पर उसकी आय हो जायेगी। इसलिये भी देख लीजिये कि किसानों के ऊपर कहां तब तक आपका ध्यान है। दूसरा इसी के संदर्भ में एक बात और कहना चाहता

हूं कि रूरल में बैंक खुले हैं अच्छी बात है। लेकिन जो डिपाजिट रूरल में होता है उन डिपाजिट्स का कितना प्रतिशत खर्च ग्रामीण अंचल में होता है? उस रूरल किसान के भी पैसे का इन्वेस्टमेंट अधिकतम इंडस्ट्री में जा रहा है, शहरों में जा रहा है तो मैं इस ओर भी आपका ध्यान लाना चाहता हूं। तीसरी बात जो कहना चाहता हूं वह है कि एग्रीकल्चर में आपने कहा है कि प्रोडक्शन में कीमत कम करेंगे लेकिन आज तक एग्रीकल्चरल मैनेजमेंट की व्यवस्था नहीं हुई है। न रिसर्च आई सी ए आर में हो रहा है, न पढ़ाई हो रही है कि मैनेजमेंट कैसे हो, योजना में भी एग्रीकल्चर का क्राप्स प्लानिंग नहीं है। जो चीजे महंगी मिलती हैं, इस साल महंगी बिकती हुई किसान देखता है तो दूसरे साल वह अधिक लगा देता है। जैसे इस बार आलू की कीमत बढ़ गयी तो इस बार किसान आलू अधिक लगायेंगे और दूसरे साल आलू की कीमतें बिल्कुल कम हो जायेंगी जिससे किसान तबाह हो जायेगा। क्राप्स प्लानिंग आपके पास नहीं है तो किसान की आप कैसे मदद करेंगे। चौथी बात जो कहना चाहता हूं यह है कि किसानों की चीजों की कीमत को तय करने का क्या क्राइटेरियन है। हम लोग जूट पर, कपास पर और अनाजों पर हमेशा लाभप्रद मूल्य की बात करते हैं लेकिन लाभप्रद मूल्य की बात कामन टर्म में है लेकिन क्या हम प्रति टन प्रति मन प्रति एकड़ जो पैदावार होती है उस पर जो खर्च है उसका भी लेखा जोखा देखते हैं कि उसके हिसाब से वह दाम होता है क्या? श्री बूटा सिंह जी ने सलाहकार समिति की अध्यक्षता में कहा था कि प्राइस कमीशन चेयरमैन जब दौरे पर जायेंगे तो कम से कम जितने कृषि सलाहकार समिति के सदस्य हैं हमारे संसद सदस्य, उनसे विचार विमर्श करेंगे लेकिन उसी दौरान में तर्क करते हुए बात हो गयी कि आप संसद् सदस्य लोग जितना बोलना चाहें बोलते रहें, प्राइसज हमको तय करने हैं हम जैसे चाहेंगे वैसे तय करेंगे। तो यह स्थिति हमारी है।

किसानों के इनपुट्स की बात मित्रों ने कही है मैं उन सब पर नहीं जा रहा हूं लेकिन दो उदाहरण देना चाहता हूं कि एक ट्रैक्टर की कीमत 40 हजार से सवा लाख डेढ़ लाख पर चली गयी है और एक छोटा पावर टिलर 12 हजार में बिकता था वह 40 हजार पर चला गया है। मैंने अनेक बार कृषि मंत्रालय को, उद्योग मंत्रालय को लिखा कि पावर टिलर एक साधारण से बैल के जोड़े का काम करता है और 40 हजार में एक किसान उसको खरीद नहीं सकता है इसलिये पावर टिलर इस देश में अधिक प्रचलित नहीं हो रहा है इस लिये या तो पावर टिलर ठीक नहीं है इसको रिडेम्प किया जाय, कहिए इसको न बनायें या यूजफुल है, मल्टी परपज है तो इसकी कीमत को सब्सीडाइज करें। मैं जापान का उदाहरण दूसरी तरह से देना चाहता हूं हमारे मित्र कल्पनाथ राय जी ने भी दिया था। जापान में किसान 7 प्रतिशत हैं लेकिन बैलेंस आफ पावर उसके पास है और हिन्दुस्तान में किसान 70 प्रतिशत से अधिक हैं लेकिन बैलेंस आफ पावर उसके पास नहीं है। सब ने कहा है कि किसान भारतवर्ष की भित्ति हैं। मैं कहना चाहता हूं कि किसान कांग्रेस की वोट का भी आधारस्तंभ भित्ति है। जिस दिन कांग्रेस को किसान छोड़ देगा, उस दिन कांग्रेस उस सरकारी कुर्सी पर नहीं रह सकती।

माननीय कुलकर्णी जी ने आपको इंगित किया क्योंकि उनको भी डर लग रहा है कि आग लग रही है किसानों में और आग लगने का कारण सरकारी तंत्र है और उसी तंत्र में वह प्रवेश करना चाहते है। इसीलिये उनको थोड़ी सी परेशानी है कि कहीं से आग लग जाये और मिट तो जाएं नहीं। **(समय की घंटी)**

मैं ज्यादा समय नहीं लूंगा। इसीलिये एक बात तो यह है कि जापान में कीमतें अधिक मिलती हैं, एक तरबूज की कीमत सौ रुपये और एक खरबूज की कीमत पैंतीस रुपये है, एक अनार की,

[श्री जगदम्बी प्रसाद यादव]

बेदाना की और मौसमी की कीमत सात आठ रुपये है और रुकिसान के खेत पर ले जाता है। आज अगर कोई कल्पना करे, शायद कल्पनाथ राय जी करे न करें तो किसान का धान, किसान का गेहूं उत्पादन मूल्य घटा देकर लेने वाला कोई मिलता नहीं है। यह मैं किसी दूसरे का उदाहरण नहीं देता, यह हम स्वयं भुगत भोगी हैं। आप कहते है कि भोजन का आधार, बेसिक आधार है अनाज, उसमें भी गेहूं, चावल, तो आधार बनने के कारण कहीं किसान जो हिन्दुस्तान का आधार हैं और आपकी पार्टी का आधार है वह समाप्त हो जाये, उसका आधार समाप्त हो जाये।

इसलिये उस समय मैंने यह भी बताया कि प्राइस का फिक्सेशन आप पंजाब के किसानों के हिसाब से नहीं कीजिये। पंजाब का किसान तीन फसलें उपजाता है। तीन फसलें उपजाने वाले का खर्चा कम होगा आमदनी ज्यादा होगी। बिहार का किसान सिर्फ एक फसल उपजाता है। और उसका उत्पादन पंजाब के बराबर नहीं है, कीमत अधिक पड़ती है, खर्चा अधिक पडता है, कीमत कम मिलती है। इसलिये एक फसल वालों, कम उगाने वालों का जो खर्चा अधिक पड़ता है, उसका निराकरण कैसे होगा?

मैं कृषि मंत्री जी आप से कहना चाहता हूं कि इस देश को 2 प्रतिशत अंग्रेजी जानने वाले रूल करते हैं, और किसान को जो .0002 प्रतिशत वाले जो ब्यूरोक्रेट हैं, वह इन पर रूल कर रहे हैं। वह इसको अनुदान देना चाहते हैं या नहीं देना चाहते हैं। (समय की घंटी)। मैं .0002 प्रतिशत कह रहा हूं, सोधे 2 प्रतिशत नहीं। उसमें सारा ... (व्यवधान)

श्री बीरेन्द्र वर्मा : गवर्नमेंट की पालिसी है कि कंज्यूमर को दिखा दिया... (व्यवधान)

श्री जगदम्बी प्रसाद यादव : इसलिये यह सारे के सारे—इनको जो हमारे मित्र बाबुल रेड्डी जी कहते हैं, यह कण्ट्रोल क्यों? बाबुल रेड्डी जी को पता नहीं है कि इस शासन को कंट्रोल करता है ब्यूरोक्रेट, नौकरशाही और उसको कण्ट्रोल चाहिये, इसलिये, कि सस्ती चीजें उसे चाहिएं, पैसा भी थोड़ा चाहिये, सुविधा भी अधिक चाहिये और चीजें भी सस्ती चाहिएं।

आज जो कहते हैं कि मंत्री वहां सफर करके जाता है और वहां जाकर डम्ब-फाउन्डेड क्यों हो जाता है? इसलिये कि मंत्री के हाथ में संचिका बनी-बनाई आती है, जो संचिका नौकरशाह बना कर के देता है, उनके पास आता है।

मैंने अच्छे-अच्छे तगड़े मंत्री जैसे राव वीरेंद्र सिंह को भी छटपटाते हुए देखा है। पांच वर्ष का पुराना यूरिया खाद जिसकी वाइटैलिटी खत्म हो गई थी, 15 प्रतिशत दाम कम करके किसानों को बेचा गया। मैं दो वर्ष तक लड़ता रहा और अन्त में कहा कि राव साहब अगर आप किसानों को बिना मतलब का, बिना महत्व का यूरिया दे रहे हैं, अगर आप रोकते नहीं, यह पाप आपको लगेगा। मैं दो वर्ष से आपको कहता रहा। इसीलिये आपके हाथों में कुछ है क्या?

डेमोक्रेसी—डेमोक्रेसी हम कहते जाते हैं—(समय की घंटी) डेमोक्रेसी का अर्थ चला गया है इन नौकरशाहों के हाथ में। इसलिये मैं कहना चाहता हूं कि जरा प्राइस फिक्सेशन के हिसाब पर इसको देख लीजिये।

मैं एक नई चीज कहना चाहता हूं कि विदेशी व्यापार जब उद्योगपति करता है, तो विदेशी धन कमाने के कारण उसको आप कई छूटें देते हैं। आपने एक प्रश्न के उत्तर में बताया है कि आपने 1983-84 में 1.70 लाख टन भेजा है और उसका पैसा मिला है 102.49 करोड़ रुपया, 1984-85 में 2.76 लाख टन भेजा है और उसका 170.53 करोड़ रुपया आपको मिला, 1985-86 में 5.74 लाख टन भेजा और उसका पैसा मिला है 231.73 करोड़ रुपया—यह खाद्यान्न भेजा है। लेकिन मैं इसमें और जोड़ देना चाहता हूं कि सब्जी भी भेजी जा रही है और सब्जी के बाद मांस और चमड़ा भी

भजा जा रहा है । इससे मैं समझता हूं कि लगभग अरबों रुपए की विदेशी मुद्रा का अर्जन किसानों की चीजों से होता है ।

मैं जानना चाहता हूं कि क्या किसान को इसका भी कुछ लाभ देते हैं आप ? आश्वासन शब्द से किसान का काम अब नहीं चल चल सकेगा आश्वासन नहीं चाहिये, व्यावहारिक रूप में उसको कुछ चीजें चाहिएं । मैं एक बात और कहना चाहता हूं कि कोआपरेटिव आज जीवन के प्रत्येक अंग में समा गया है । ग्रामीण अंचल में कोआपरेटिव और भयंकर ढंग से चला गया है लेकिन यह वेस्टेड इन्टरेस्ट्स के हाथों में चला गया है । मैं एक छोटा सा उदाहरण देता हूं । एक पंपिंग सैट जो कोआपरेटिव से लेने में 6 हजार में मिलता है तो उसको नकद लेने में वह सिर्फ 4 हजार रुपये में मिलता है और नकद वह खरीद नहीं सकता। इसमें इतनी बड़ी लूट है । आपने सैंट्रल कोआपरेटिव एक्ट बनाया है लेकिन वेस्टेड इन्टरेस्ट को समाप्त करने की स्थिति नहीं बन सकी । इसलिये किसान सिर्फ उद्योग द्वारा ही नहीं बल्कि यह कोआपरेटिव के द्वारा भी लूटे जा रहे हैं । किसान कहां बच ? किस से बचे ? आज यह एक गंभीर समस्या है और आप इस पर विचार करने के अधिकारी भी हैं । इस लिये मैं आप से निवेदन करूंगा कि लाभप्रद मूल्य की बात करते समय आप अपनी बुद्धिमत्ता का परिचय दें और अनुभवी लोगों का साथ लेकर इस काम को करें । हमारे माननीय सदस्य ने एक सुझाव दिया है कि इस तरह के विचार इवैल्यूएशन के लिये भी जो जिस तरह की लोगों को आवश्यकता है उसको आप अवश्य कराएं तभी आप अपने ढंग से चल सकते हैं । धन्यवाद ।

SHRI V. RAMANATHAN (Tamil Nadu): Thank you, Mr. Vice-Chairman, for giving me an opportunity to speak a few words on this subject. For more than 2 hours this august House is discussing about the rising prices. Valid arguments against the price rise have been given by learned Members, like Shri Chitta Basu, Shri Babul Reddy and others. They have given very impressive analysis. On the same lines, I would submit that agriculture must be treated as an industry. When any industry goes in loss, the Government comes to its rescue and safeguards its interest, but when the farmer suffers a loss, Government says that it was due to natural calamities, there was the monsoon failure, or flood havoc and so on. The Government gives them only one hundred or two hundred rupees and then the chapter is closed for them. When the industry suffers, the Government comes out with concessions. At times, the entire loans given to them are wiped out. Some of the industries are given hundreds of crores of rupees as loan and when they are not able to pay back the loan, that is not taken care of. Thousands of crores of rupees are given to the industry and they are not taken care of, but for agriculture you are giving nothing. Everybody claims that agriculture is an industry. More than 80 per cent of the population is engaged in agriculture, but their interest is not looked after...

Sir, I want to bring to your notice that in the past ten years production has gone up by 70 per cent from 1970-71, but what is the return received by the agriculturist? I have got some figures for wheat production. In Haryana in 1970-71 the agriculturist was able to get Rs. 611 per hectare whereas it has fallen down to Rs. 46 per hectare in 1980-81. In Punjab he got Rs. 426 in 1971, whereas it has fallen to Rs. 54 in 1980-81. In Uttar Pradesh, in 1970-71 he got Rs. 504, whereas it has fallen to Rs. 126 in 1980-81. This is the reward he got for producing more. He improved production by 70 per cent but the improvement ultimately brought him to the lowest bottom from where he cannot rise again.

Coming to paddy, Andhra was giving Rs. 756 profit in 1970-71, whereas in 1980-81 he was able to receive Rs. 94 (*Interruptions*). As rightly put in by my learned friend, he helped the country by producing more and in return he ruined himself. Bihar was giving Rs. 473 in 1970-71 and it has fallen to Rs. 2 in 1980-81. In West Bengal, it was 402 in 1970-71. It has fallen to 80 in 1980-81. Like that it goes on. Therefore the agri-

[Shri V. Ramanathan]

culturist produces 70 per cent more and the produce is getting lower and lower in price. Consequently he is going down and down.

About sugar-cane production, my friend Mr. Babul Reddy drew the attention of the Minister for Agriculture. I want to submit through you, Sir, that paying 50 naye paise more per kilo is not going to ruin anybody in this country. But giving 50 paise more per kilo is going to give life to hundreds of thousands of sugarcane producers—i.e. the small farmers. There too, the production per acre, on the average, is higher in the Southern States, than in the Northern States. The production investment in the Northern States is lower as compared to the Southern States. Per acre yield is, starting from the minimum of 20 tons, to 80 tons per acre. That is, it is more than 200 tonnes per hectare. But what is the result? Is he getting a remunerative price for that? Unless he is given more than Rs. 250 per tonne, all his investment will be a waste he will have to incur a loss. Is this being considered? Is this being taken into account? Here the Central Government is increasing the price every year by Rs. 5 per ton. Is the investment cost going to be only Rs. 5 per tonne more? No, it is going to be more than Rs. 20 or Rs. 30. Therefore, when the sugar industrialists say, the Government gives them a dual price. That is, free market sugar and levy sugar. Levy sugar is given for consumers. Free sugar is given for the bulk consumers, the factories, the confectionaries and others. That is for industry. It is not for normal consumers; it is for heavy confectionary. They can give more money. But to reduce the price for sugar to heavy confectionaries, the consumers should not pay more. That is, the price of free market sugar should not go up. To reduce the price of free market sugar, we are importing levy sugar from foreign countries. This year, it is expected that we will import 5 lakh tonnes of sugar from abroad. But if you give 50 paise more per kilo, you need not buy these 5 lakh tonnes from abroad; you need not purchase anything from abroad. By paying 50 paise more, you can increase production of sugar in this soil itself. The soil is highly fertile and people are prepared to produce. But you are not prepared to pay 50 paise more per kilo. Because of that you are importing lot of sugar from foreign countries. And this is not going to stop with this year. For every year, it is going to increase. If you don't follow this policy of payment, production also will fall down. Then if the consumption rate goes up and production falls down, the purchase from foreign countries—of imported sugar—will be higher and higher. From 5 lakh tonnes, it will go up to 15 lakh tonnes or 20 lakh tones. Will it be possible to purchase it from our exchequer? We are importing sugar; we have to import oil; we have to purchase so many other things for consumers also. Therefore this is the condition. You need not hesitate to increase the price by 50 paise per kilo for sugarcane. The Government of India is fixing the price for sugarcane and asking the State Governments to pay further more if they want to. The State Government is saying "No, no, Government of India is fixing the price and they are collecting all the taxes, why do we pay more to agriculturists? How can we pay more? Ask the sugar factories to pay more". Then the factory says—the Government of India fixes one price, State Government fixes another price, we can't go beyond that, therefore you go to the Central Government, you go to the State Government. But the poor farmer is unable to approach any Government. As my friend, Mr. Babul Reddy, has stated, though 80 per cent of us here are argiculturists from the south, we are not able to get remunerative prices to be paid to the poor farmers. The Government need not put itself to much difficulty to pay the agriculturists. Why I say this is because molasses are there and they are sold at a very low price. You can increase the price of molasses. Molasses are a boon to this country. It is giving us a lot of byproducts. Many of the distilleries are not working to their installed capacity because they are not getting raw materials, whereas we are exporting some raw materials like molasses. If molasses are given to the industries here, a lot of distilleries can utilize them, produce alcohol and alcohol-based products also will flourish.

Therefore, by raising the prices of molasses you can get more money and that can be paid to the cane growers. Similarly, bagasse is another item which is used by the paper industry. Presently it is not being utilized properly and it is being wasted. So, that is another source. Therefore, if all these things are considered, then the Government need not feel any difficulty in paying more to the agriculturists. The agriculturists can be saved by adopting these policies.

With these words, I conclude. Thank you, Sir.

उपसभाध्यक्ष (डा० बापू कालदाते) : श्री घनश्याम सिंह : आप 5 मिनट में समाप्त करें ।

श्री घनश्याम सिंह : उपसभाध्यक्ष जी, समय देते समय आपने मेरे साथ बहुत कंजूसी बरती है । मैं समझता हूं कि मैं दो, तीन मिनट और ज्यादा लूंगा ।

उपसभाध्यक्ष (डा० बापू कालदाते): आपने कहा इसलिये मैंने आप को समय दिया है । थोड़ा समय बचा कर ही बोलें ।

श्री घनश्याम सिंह : माननीय महोदय, आज देश की 70 फीसदी आबादी गांवों में रहती है और अगर सही मायनों में देखा जाए तो यह 70 फीसदी आबादी यदि आश्रित है तो केवल किसान पर ही आश्रित है । चाहे वह मजदूर के रूप में काम करता हो चाहे वह किसान के रूप में अपनी जमीन पर काम करता हो, और ऐसा करके अपनी रोजी-रोटी कमाता हो, आज की देश में 70 प्रतिशत आबादी किसान पर ही आश्रित है और इसमें कोई दो रायें नहीं हैं । हमारे कृषि मंत्री अगर अध्ययन करें तो दिखाई पड़ेगा कि पूरे देश को पालने का काम उसको रोटी देने का काम देश को चलाने का काम वही कर रहे हैं । मैं यह जानना चाहता हूं कि क्या माननीय मन्त्री जी यह समझते हैं कि किसानों का काम लाभप्रद है ? आज किसान की हालत जर्जर हो गयी है । उसका व्यवसाय घाटे का व्यवसाय है । इसमें कोई दो रायें नहीं हैं । जो भी खेती करता है वह इस बात को बहुत अच्छी तरह से जानता है । थोड़ा सा इसका और विश्लेषण करें । आज उस किसान का बच्चा जब पढ़ जाता है, थोड़ा सा भी पढ़ जाता है, हाई स्कूल या इंटरमीडियेट पास कर लेता है तो क्या वह खेती करना चाहता है । अगर विश्लेषण करें तो दिखाई पड़ता है कि वह कभी खेती का काम नहीं करना चाहता भले ही वह 3 या 4 सौ की कोई नौकरी कर ले । यह अपने आप में द्योतक है इस बात का कि उसको अपने परिवार में रहने का यह अनुभव है कि किसान का काम करने से उसको रोजी-रोटी नहीं मिल पायेगी । खेती करके जो उसने अपने माता-पिता की हालत देखी है उसके आधार पर वह अनुभव करता है कि उसको इस धंधे में रोटी नहीं मिल सकेगी । इसको वह अच्छी तरह से जानता है । आज भारत का किसान कर्ज के नीचे किस तरह से दबा हुआ है, माननीय मंत्री जी, आप चले जायें किसी भी गांव में, जो सफेद कपड़े पहने किसान मिलेगा उस पर इतना कर्ज होगा कि शायद उसकी दूसरी पीढ़ी भी उस कर्ज को अदा नहीं कर पायेगी, यह बात मैं विश्वास के साथ कह सकता हूं । यदि आप अपने आंकड़े उठा कर देखें कि कितने किसान ऐसे हैं जो अपने बच्चों को शिक्षा दे पाते हैं अच्छी प्रकार से, यदि आप अपने पब्लिक सर्विस कमीशन के रिजल्ट्स को देखें कि अच्छी सर्विसेज में आने वाले कितने बच्चे किसानों के हैं तो मैं समझता हूं कि उनकी संख्या नगण्य ही होगी । आप को उनमें अच्छी शिक्षा प्राप्त किये बच्चे किसानों के नहीं मिलेंगे । आप को यह दिखाई नहीं पड़ेगी । यह तो जो दुर्दशा किसानों की हो रही है उसको दिखाना चाहा है । मैंने माननीय मंत्री जी का स्टेटमेंट पढ़ा है जो इन्होंने इस सदन को दिया । शायद उन्होंने एक ही बात पर रोशनी डालने की कोशिश की कि किसानों की जो मूल्य नीति है वह लाभप्रद है । उस सबको पढ़ने के बाद मुझे आश्चर्य होता है कि उनके विद्वान साथियों ने जो स्टेटमेंट उनको बना कर दिया है क्या वह वास्तविकता से मिलता है । बनाने वाले ने यह भी कर दिया है कि किसान की जमीन का जो मूल्य होता है उसका ब्याज भी उसमें लगा दिया है, किसान

[श्री घनश्याम सिंह]

की हर चीज की कीमत लगा दी है । यदि वास्तविकता यही है जो इस स्टेटमेंट में है तो भारत का किसान आज बहुत ही खुशहाल होगा. इसमें कोई दो राय नहीं हो सकती । मेरा ख्याल है कि फिर उसे कोई और काम करने की इस देश में जरूरत नहीं रहेगी । स्टेटमेंट के हिसाब से इस देश में बहुत तरक्की हो गई है । यदि आपकी स्टेटमेंट में यह आंकड़े भी होते कि पिछले 10 सालों में हमने किसान को ये सुविधायें दी हैं जिसकी वजह से उनकी इतनी कीमत बढ़ है और उसके अनुपात से किसान के अनाज की कीमत यह रही है तो हमें कुछ पता लगता । केवल यह बात कह देने से कि हमने जो कृषि मूल्य नीति आयोग बनाया है उसने प्राइसेस तय की है तो इससे किसान सन्तुष्ट नहीं हो पायेगा ।

इसके बाद आप खुद ही कहते हैं कि न्यूनतम मूल्य घोषित कर दिया है । न्यूनतम अपने आप में बेसिक कीमत है । आप से जब बात करते हैं तो आप कहते हैं कि यह तो बेसिक प्राइस तय की है । यह प्राइस कम से कम है इससे ऊपर ही देना होगा । आपको देने से कोई मना तो नहीं करता । आप दे दीजिये । लेकिन होता क्या है कि जो सबसे कम कीमत, न्यूनतम मूल्य जिसे कहते हैं वह वास्तविक मूल्य बन गया है । जो किसान की उपज उसके घर में आती है उसको वास्तविक कीमत भी उसको नहीं मिल पाती है । आप जानते हैं और मैं भी जानता हूं कि इसके बीच में बहुत से दलाल आते हैं जो उनको वास्तविक मूल्य नहीं मिलने देते । **(समय की घंटी)** आप बार-बार घंटो बजा रहे हैं इसलिये मैं बहुत थोड़े में कह कर समाप्त करूंगा ।

मैं आपसे कहना चाहता हूं कि मुझे मालूम है जब गेहूं की कीमत एक बार इस देश में बढ़ी थी हमारे यहां ग्रीन रेवोल्यूशन हो गया था । भारत का किसान अन्न पैदा करता था । जब आप चीनी, कपास, एडिबल आयल इम्पोर्ट करते हैं, तो क्यों नहीं भारत के किसान को उनकी कीमत दी जाए जिससे वह इन चीजों को पैदा करके दे सके । आप उनकी कीमत ऐसी निश्चित कीजिए जिससे आपकी आवश्यकतानुसार भारत का किसान चीजें पैदा करके दे सके ।

मेरे बहुत से साथियों ने आंकड़ों की बात कही है । यदि मैं भी फिगर दूं तो पिछले 15 सालों में जितने दाम और चीजों के बढ़े हैं उसके अनुपात में कृषि की उपज की कीमत नहीं बढ़ी है । इसमें कोई दो राय नहीं है । मैं ज्यादा कुछ न कह कर एक बात और कहना चाहूंगा कि हमारे कृषि मंत्री जी ने दो वर्ष पहले घोषणा की थी कि एक कमीशन बनायेंगे जिससे प्राइस तय होगी । हमारे प्रधान मंत्री राजीव गांधी जी पिछले कार्यों से संतुष्ट नहीं थे, पिछले कार्यकलापों से सन्तुष्ट नहीं थे, कतई प्रसन्न नहीं थे और उनके इशारे पर ही हमारे कृषि मन्त्री जी ने यह कहा था कि हम एग्रीकल्चर्स कास्ट एंड प्राइस कमीशन बनायेंगे, कृषि मूल्य आयोग बनायेंगे । इससे भारत के किसानों को एक विश्वास दिलाया था कि जो कास्ट आपकी आती है उसके अनुपात में कीमत तय करने के लिये कमीशन का गठन होगा । मैं जानना चाहता हूं उसका क्या हुआ । यह कमीशन गठित हुआ या नहीं ? कृषि की पैदावार की कीमत, जो पैरिटी प्राइस की बात हमारे कल्पनाथ राय जी ने कही है उसका क्या हुआ ? मैं जानना चाहता हूं इसके बारे में आप क्या करने जा रहे हैं ।

मैं यह भी जानना चाहता हूं कि कृषि का विकास करना है तो आप उसको उद्योग का दर्जा दीजिये । जब तक उद्योग का दर्जा नहीं दिया जायेगा कृषि को तब तक मैं समझता हूं किसानों को कोई लाभ नहीं दे पायेंगे । अगर आप ऐसा करेंगे तो मैं समझता हूं किसानों के प्रति बड़ी सहिष्णुता होगी । आप उनकी बातों को समझते हैं । हम लोगों ने किसानों के लिये बहुत छोटी सी बात कही है । कृपया इनको सोच लें और अपनी नीतियों में ऐसा परिवर्तन लायें जिससे भारत का किसान प्रसन्न हो सके तो इससे सारा देश खुशहाल होगा, देश की तरक्की होगी । इन शब्दों के साथ मैं अपनी बात समाप्त करता हूं ।

SHRI VITHALRAO MADHAVRAO JADHAV: Sir, the time given is very less while the subject is very vast. Although I am not a mover of this Calling Attention, while speaking on this I would say that whatever answer the hon. Minister has given is not authentic at all. It is a quite vague statement. It has been said that in arriving at the cost of production estimates, full account is taken of the value of all inputs such as human labour—hired and family, bullock labour, seeds, fertilisers, insecticides, machines, irrigation etc. If cost of these inputs are covered in calculating the cost estimates of a particular crop, then how is it that the prices given to the agriculturists are so low? I may tell you that India is the only country in the world whose economy is totally dependent upon agriculture. Ours is an agro-based economy, but our economists and planners sitting in the Planning Commission look only towards America, the Soviet Union, the United Kingdom and France, whose economy is not at all dependent upon agriculture. Even America, which is the most advanced country in the world is having seven to eight per cent of its population engaged in agriculture, whereas in India 70 per cent of its population is engaged in agriculture.

AN HON. MEMBER: It is 66 per cent.

SHRI VITHALRAO MADHAVRAO JADHAV: Let it be 66 per cent, but it is not going to make any difference.

So, my most pertinent question to the hon. Minister is how much money from the Planning Commission is being allotted for the development of agricultural and rural development. Unless we categorically make it a point that 70 per cent of our plan money should be spent on the development of rural India giving it a subject of prime importance, we will not be able to give remunerative prices to the farmers and justice to the large masses of the country. I feel the hon. Minister has not deeply gone into the details of the statement which he has made. It seems it has been prepared by some of his Officers, who, I am sure, is not a scientist, but a bureaucrat.

SHRI KALPNATH RAI: IAS Officer.

SHRI VITHALRAO MADHAVRAO JADHAV: Here I would like to bring to the notice of the House that the cost of inputs have gone up from 100 per cent to 400 per cent in all the agricultural crops. Taking 1970-71 as base for the price index we find that in respect of the industrial goods, their prices have gone up by 400 per cent, but in respect of the agriculture, the price rise is only 160 per cent. So, the whole lacuna lies here. Mr. Vice-Chairman, Sir, you come from the Jowar area and I also come from the Jowar area. In 1970-71, the cost of one quintal of Jowar was Rs. 70. Today it is Rs. 120. On the contrary, the cost of urea at that time was Rs. 30 to Rs. 32 per 50 k.g. bag. It has now gone up to Rs. 120. Cost of 50 k.g. bag of super-phosphate was Rs. 20 in 1970-71. Now it has gone up to Rs. 70. That means the cost of inputs of agriculture produce has gone up tremendously, while the prices given by our Agricultural Prices. Commission or by the newly formed Agricultural Costs and Prices Commission is only Rs. 1 or Rs. 2 more. It is a cruel joke with the farmers. It is not a question of my party; it is not a question of the prestige of the Government, but it is the question of the prestige of the entire nation. Unless we give this prestige to the entire nation, unless we compel the planners and bureaucrats to change their thinking in favour of the agricultural fund allocation, we cannot expect justice. (*Time bell rings*) Sir, other thing is that out of tototal GDP... Sir, please give me two or three minutes more.

श्री वीरेन्द्र वर्मा: इनको वक्त दीजिये गा।

श्री कल्पनाथ राय : इनको बोलने दीजिए, किसानों के सवाल पर बात होने दीजिए ।

उपसभाध्यक्ष (डा० बापू कालदाते) : कल्पनाथ राय जी, मैं भी जानता हूं किसानों को ।

SHRI VITHALRAO MADHAVRAO JADHAV: Our total gross domestic product is Rs. 2,25,000 crores. As per the figures of the Planning Commission, out of

[Shri Vithalrao Madhavrao Jadhav]

the total GDP 45 per cent comes form agriculture. I would like to know from the hon. Minister, how much budget is provided for agriculture. According to the Planning Commission out of the total GDP 45 per cent comes from agriculture, but I have done a calculation which comes to more than 60 per cent. because I have added to the GDP, income from the textile sector also. Actually cotton is the raw material for textiles, but textile comes under the industry. There are so many food industries for which the basic raw material is the agriculture produce. If we take the income from the industry and the agricultural sector it will go upto 60 per cent or more. What is the provision in the General Budget? It is only 2 per cent for agriculture. On the contrary 45 per cent of the total GDP is contributed by the agricultural sector alone. In spite of this discrimination, I sometimes wonder how we are alive. You know that 70 per cent of the rural population is dependent on agriculture. They have been totally exploited. It is not a question of prestige but we should give all out help to our farmers.

Sir, in Maharashtra perhaps you might be knowing that Mr. Sharad Joshi has started "Rastha Roko Andolan". This is a very important Andolan. I do not defend that Andolan. You also know, Sir, that this year there is a very serious drought in our State and even cotton crop cultivation has not come upto the expectations. I think it has come upto 25 per cent of the total cultivation. Added to this, the price of cotton is very low.

I want to ask the hon. Minister, what is the cost of production of jawar, cotton, and sugarcane per quintal or per tonne. Sir, jawar comes to Rs. 125 per quintal, cotton comes to Rs. 500 per quintal and for sugarcane per tonne it comes to Rs. 330. On the contrary, we are not giving the cost of production of different cash crops. Sir, you also know that the Maharashtra Cotton Federation Scheme has incurred losses. It is bound to run into losses, because only one State is implementing this cotton monoply scheme and other States are left free at the hands of the traders. The Cotton Corporation of India which is at the hands of the bureacracy will never render justice to the farmers. That is why the entire cotton monopoly scheme of Maharashtra has come into the losses. I would like to know from the hon. Minister, what is the formula for calculating the cost of production. I am a Scientist and in 1983 I have studied and calculated cost of cultivation in 7 or 8 agricultural universities. In 1983 the cost of cultivation of wheat was Rs. 150 per quintal rice, Rs. 130 per quintal, jawar Rs. 125 per quintal, bajra Rs. 150 per quintal and cotton Rs. 500 per quintal. We can find the price index has gone up by more than 50 per cent. I think now it is 385 or 390 points.

THE VICE-CHAIRMAN (DR. BAPU KALDATE): Please conclude.

SHRI VITHALRAO MADHAVRAO JADHAV: I will take only one minute.

The cost of production calculation itself is deceptive and the Ministry of Agriculture is not being properly guided by the people who are sitting in the Department.

In Maharashtra in my district, there was a fire two days back and four people were injured. Even the farmers' wives have come on the streets and demanding economic justice. Our agriculture trade should be given proper justice and agriculture should be treated on the lines of industry. The whole rural India is now fully awakened for economic justice.

So I would request the hon. Minister to make an announcement in this House that the Government would from now onwards treat the agriculture trade on lines of industry. The Government should give same prices for agricultural commodities as has been done for industrial commodities. Secondly, Sir, the hon. Minister has said that total national income has been increased but that is due to the increased production in agriculture. In 1950-51, we were producing 50 million tonnes of foodgrains. Today, we are producing 150 million tonnes of foodgrains. So, the entire national progress is due to agriculture which is not properly looked after. Sir, from that point of view, I would like to ask the

Minister please go into the detail to find out as to what are the ills that are facing our country in the field of agriculture and the Minister must declare that today that we will give remunerative prices for all agricultural commodities and our entire grievances will be removed. Another thing is about science and technology. The drought affected areas should be given the proper share in irrigation by application of the new technology like sprinkling irrigation and drift irrigation to tackle the underground water resources. Lastly the agriculture profession should be given top priority. With these words, I thank you very much for giving me time.

THE VICE-CHAIRMAN (DR. BAPU KALDATE): The House stands adjourned till 11 a.m. tomorrow.

The House then adjourned at forty seven minutes past seven of the clock, till eleven of the clock, on Wednesday, the 26th November, 1986.

MGIPMRND—(Letter Unit)—LSII—1584 RS—20-4-87—400.